भारतीय रिज़र्व बैंक

RESERVE BANK OF INDIA

www.rbi.org.in

आरबीआई/2025-26/28

के.का. /सू.प्रौ.वि./डीसीडी/सं एस81/01-71-110/2025-26 22 अप्रैल 2025

सभी वाणिज्यिक बैंक
सभी प्राथमिक (शहरी) सहकारी बैंक
सभी राज्य सहकारी बैंक और जिला केंद्रीय सहकारी बैंक

महोदय/महोदया,

**परिपत्र - '.bank.in' डोमेन पर स्थानांतरण**

कृपया 7 फरवरी 2025 के विकासात्मक और विनियामक नीतियों पर वक्तव्य के पैरा 4 "'bank.in' और 'fin.in' डोमेन के माध्यम से वित्तीय क्षेत्र में विश्वास बढ़ाना" का संदर्भ लें, जिसमें डिजिटल भुगतान में धोखाधड़ी की बढ़ती घटनाओं से निपटने के लिए बैंकों के लिए विशिष्ट इंटरनेट डोमेन, '.bank.in' की शुरुआत की घोषणा की गई है। इस पहल का उद्देश्य साइबर सुरक्षा ढांचे को मजबूत करना और डिजिटल बैंकिंग और भुगतान प्रणालियों में जनता का विश्वास बढ़ाना है।

2. इस संदर्भ में यह निर्णय लिया गया है कि बैंकिंग प्रौद्योगिकी विकास एवं अनुसंधान संस्थान (आईडीआरबीटी) के माध्यम से बैंकों के लिए '.bank.in' डोमेन को क्रियान्वित किया जाए। आईडीआरबीटी को इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय (एमईआईटीवाई) के तत्वावधान में भारतीय राष्ट्रीय इंटरनेट एक्सचेंज (एनआईएक्सआई) द्वारा '.bank.in' डोमेन के लिए विशिष्ट रजिस्ट्रार के रूप में अधिकृत किया गया है। पंजीकरण प्रक्रिया आरंभ करने के लिए बैंक आईडीआरबीटी से sahyog@idrbt.ac.in पर संपर्क कर सकते हैं। आईडीआरबीटी बैंकों को आवेदन प्रक्रिया और नए डोमेन में स्थानांतरण से संबंधित विभिन्न पहलुओं पर मार्गदर्शन प्रदान करेगा।

3.सभी बैंक अपने मौजूदा डोमेन को '.bank.in' डोमेन में यथाशीघ्र स्थानांतरित करना प्रारम्भ करें एवं 31 अक्टूबर 2025 तक प्रक्रिया पूर्ण करना सुनिश्चित करें।

भवदीय,

(शैलेन्द्र त्रिवेदी)
प्रभारी मुख्य महाप्रबंधक